संख्या-3 /2024/001-919-22-4-2023-408011

प्रेषक,

शिव गोपाल सिंह,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं,
उ0प्र0, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-4 लखनऊ : दिनांक 17 जनवरी, 2024

विषय:- प्रदेश की कारागारों में निरूद्ध कुख्यात प्रवृत्ति के बन्दियों के सुरक्षित निरूद्धिकरण के लिए उच्च सुरक्षा कारागार के रूप में उच्चीकरण हेतु चयनित 05 कारागारों में ड्यूल व्यू स्कैनर बैगेज, कान्टेक्ट लेस ग्लास एवं नाईट विजन बाईनाकूलर हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-30087/आधु0-2/5 बैगेज,स्कैनर/23-24, दिनांक- 04-10-2023 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश की उच्च सुरक्षा कारागार के रूप में उच्चीकरण हेतु चयनित 05 उच्च सुरक्षा कारागारों क्रमशः जिला कारागार लखनऊ, आजमगढ, चित्रकूट, बरेली (वर्तमान केन्द्रीय कारागार बरेली) एवं गौतमबुद्धनगर में आधुनिक सुरक्षा उपकरणों के अन्तर्गत ड्यूल व्यू स्कैनर बैगेज, मुलाकात घर हेतु कान्टेक्स लेस ग्लास एवं नाईट विजन बाईनाकूलर की व्यवस्था हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में क्रमशः धनराशि रू0 2,35,28,275.00, रू0 7,27,86,870.00 एवं रू0 68,85,000.00 अर्थात कुल **रूपया 10,32,00,145.00 (रूपया दस करोड़ बत्तीस लाख एक सौ पैंतालीस मात्र)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष प्रदान करते है:-

क0	प्रस्तावित कार्य मद	मात्रा	कुल लागत (रूपये में)
1	डयूल व्यू स्कैनर बैगेज	05	2,35,28,275.00
2	मुलाकात घर हेतु कान्टेक्ट लैस ग्लास	130	7,27,86,870.00
3	नाइट विजन बाइनाकुलर	15	68,85,000.00
		योग	**10,32,00,145.00**

नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों

(1) महानिरीक्षक, कारागार द्वारा उपकरण/सेवाओं का क्रय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-2 के शासनादेश दिनांक 23.08.2017 में दी गई व्यवस्था के माध्यम से समस्त औपचारिकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करके नियमानुसार किया जायेगा।

(3) धनराशि आहरित करने से पूर्व महानिरीक्षक, कारागार द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि उक्त उपकरणों के क्रय हेतु पूर्व में धनराशि स्वीकृत नही की गयी है। स्वीकृत धनराशि का आहरण तभी किया जायेगा जब उपकरणों आदि की निर्धारित क्रय प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी हो।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(4) महानिरीक्षक, कारागार कार्यात्मक आवश्यकता के दृष्टिगत प्रस्तावित उपकरणों के मेक/माडल/ स्पेसिफिकेशन एवं संख्या के संबंध में विभागीय व्यवस्थाओं के अन्तर्गत संतुष्ट हो लेंगे।

(5) महानिरीक्षक, कारागार क्रय किये जाने वाले उपकरणों की गुणवत्ता एवं उपयोगिता के संबंध में पूर्णतः संतुष्ट हो लेंगे।

(6) उपकरणों का क्रय स्वीकृत धनराशि की सीमा में किया जायेगा तथा किसी प्रकार का विचलन नही किया जायेगा।

(7) महानिरीक्षक, कारागार द्वारा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 17.03.2023 में दी गयी व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(8) स्वीकृत धनराशि का उपयोग दिनांक 31 मार्च, 2024 तक सुनिश्चित कर लिया जाय।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 10,32,00,145 (रुपये दस करोड़ बत्तीस लाख एक सौ पैंतालीस मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 025 **लेखा शीर्षक** 4070008001400 कारागारों के लिए उपकरणों, संयंत्रों एवं वाहन आदि की व्यवस्था **मानक मद** 26 मशीनें और सज्जा /उपकरण और संयंत्र के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या E-12-406-X-2023-24, दिनांक: 16.1.2024 में प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

शिव गोपाल सिंह,
संयुक्त सचिव।

संख्या-3/2024/001-919(1)-22-4-2023-408011, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट), उ0प्र0, प्रयागराज।
(2) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, प्रयागराज।
(3) मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
(4) निदेशक, वित्तीय साख्यिकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
(5) निजी सचिव,ममा0रराज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कारागार विभाग, उ0प्र0।
(6) वित्त नियंत्रक, कारागार मुख्यालय लखनऊ।
(7) वित्त (व्य्य नियंत्रण) अनुभाग-12/वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1/2।
(8) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

शिव गोपाल सिंह,
संयुक्त सचिव।

http://

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।